## खास-खबरें

### कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण



**विदिशा (निप्र)।** जिला मुख्यालय पर आयोजित 26 जनवरी गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। यह कार्यक्रम पुलिस परेड ग्राउण्ड पर प्रात: 9 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में परेड, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, शासकीय कार्यक्रमों व योजनाओं पर आधारित विभागीय झांकियों का प्रदर्शन होगा।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर बालिकाओं को दी कानूनी जानकारी




सीहोर। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर सीहोर स्थित शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बालिकाओं का सम्मान कार्यक्रम एवं बालिकाओं की सुरक्षा विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिगं प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। महिला बाल विकास विभाग के परामर्शदाता श्री सुरेश पंचाल ने बताया कि इस अवसर पर बालिकाओं को शासन की योजनाओं एवं अधिनियमों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही बालिका शिक्षा एवं लिंगानुपात बढ़ाने के लिए संचालित लाडली लक्ष्मी योजना एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान बालिकाओं को बाल विवाह से बचाव के लिए भी जागरूक किया गया।

### क्रांतिकारी हेमू कालानी की पुण्यतिथि मनाई

**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय में पाठक संघ द्वारा क्रांतिकारी शहीद हेमू कलानी की पुण्यतिथि मनाई गई कार्यक्रम का संचालन नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त कर ते हूं कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम संघ बलिदानों का इतिहास है हजारों लाखों आहुति के बाद ही भारत में स्वतंत्रता का सूर्य उदय हुआ ऐसे ही एक बलिदानी है हेमू कॉलोनी जिन्होंने बाल्यावस्था से ही हाथ में तिरंगा लेकर बच्चों की टोली के साथ प्रभात फेरी निकालने लगे थे बचपन से ही आजादी का कुछ ऐसा नशा चढ़ा जो उनके बलिदान के बाद ही शांत हुआ।

# रासेयो स्वयंसेवक जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में पहली बार करेंगे परेड



**शाजापुर।**

**जिला मुख्यालय पर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन गवर्नमेंट कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई जिला स्तरीय 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में शामिल होगी।**

रासेयो स्वयंसेवकों के पास वर्दी नहीं होने के कारण पहले परेड में हिस्सा नहीं ले पा रहे थे, किंतु अब महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष विपुल कसेरा के विशेष सहयोग से स्वयंसेवकों की वर्दी की व्यवस्था की गई है, जिसके चलते शुक्रवार को एबी रोड़ स्थित स्टेडियम में गणतंत्र दिवस फाइनल परेड की रासेयो स्वयंसेवकों ने अंतिम रिहर्सल की। परेड के लिए लक्ष्मी पुष्पद को एसयूओ की रैंक एवं शिवम् परिहार को दाहिना गाईड बनाया गया। साथ ही स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय से पैदल चलकर मां राजराजेश्वरी के दर्शन किए। वहीं महाविद्यालय के जनभागीदारी समिति अध्यक्ष विपुल कसेरा ने कहा कि रासेयो के स्वयंसेवकों की परेड में भागीदारी न केवल उनके लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व का विषय होगी और एनएसएस के महत्व को एक नई पहचान देगी।

रासेयो कार्यक्रम अधिकारी प्रो हरेंद्रसिंह गुर्जर ने महाविद्यालय जनभागीदारी समिति एवं प्राचार्य का आभार प्रकट करते हुए कहा कि रासेयो स्वयंसेवकों कि यह सफेद वर्दी मप्र में वाईट टाईगर का प्रतीक मानी जाती है जो समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तिव विकास की ओर अग्रेषित है। रासेयो परेड टुकड़ी को तैयार करने में इकाई के पूर्व कार्यक्रम अधिकारी प्रो दुष्यंत कुमार यादव एवं रासेयो इकाई एंबेसेडर रवि कुमार की विशेष भूमिका रही। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ बीएस विभूति, एनसीसी प्रभारी डॉ वीपी मीणा ने रासेयो की इस पहल को नवीनीकरण का स्पष्ट उदाहरण बताया। रवि कुमार राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले रासेयो पूर्व गणतंत्र दिवस परेड शिविर प्री आरडीसी में मप्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

परेड टुकड़ी में निकिता सोनगरा, रविन्द्र, मुस्कान लोधी, सूरज राय, रीना पंवार, गोविन्द गोस्वामी, इसराइल खां, आकाश गोरासिया, अनूजसिंह, आशीष परमार, पवन पुरी, विजेंद्र राजपूत, अनिल आचार्य, ज्योति चौहान, प्रियंका चौहान, खुशबु लोधी, शिवानी लोधी, गिरिजा लोधी, प्रियंका लोधी, सपना मालवीय, निशा परमार, सलोनी परमार, मौना सौराष्ट्रीय शामिल रहेंगे।

### हर्षोल्लास से मनाई सुभाष चंद्र बोस की जयंती

**गंजबासौदा।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय सुभाष निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय माय स्कूल में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ मनाई गई. कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्याअर्पण करके किया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अचार्य राजकुमार शर्मा उपस्थित थे साथ ही विद्यालय के संचालक वरिष्ठ पत्रकार शिक्षाविद् अखिलेश श्रीवास्तव, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती प्रीति रानी मंच पर उपस्थित रहीं . इस मौके पर विद्यार्थियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन पर आधारित भाषण एवं वक्तव्य प्रस्तुत किया जिसमें कुमारी चंचल ने बहुत ही प्रेरक और प्रभावी उद्बोधन दिया. माय स्कूल के विद्यार्थियों ने भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन वृत पर प्रकाश डाला।

# वेयरहाउस संचालकों की समस्या का कराएंगे समाधान : विधायक

**सीहोर।**

**किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है। समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी इस वर्ष भी उपार्जन केंद्रों से की जाएगी। वेयरहाउस संचालकों की समस्या का समाधान भी कराया जाएगा।**

मध्य प्रदेश वेयर हाउस कारपोरेशन लिमिटेड से इस संबंध में जल्दी ही चर्चा करेंगे और शासन प्रशासन वेयरहाउस संचालको के मध्य समन्वय बनाएंगे उक्त बात शुक्रवार को विधायक सुदेश राय ने एसोसिएशन वेयरहाउस ऑनर्स मध्य प्रदेश के द्वारा कलेक्टर को दिए ज्ञापन के बाद विधानसभा क्षेत्र के किसानों मैं उत्पन्न चिंता को लेकर कहीं।

विधायक सुदेश राय ने कहा कि अन्नदाता किसान हमारे लिए महत्वपूर्ण है। खेतों में गेहूं चने की फसल लेने के लिए किसान कड़कड़ाती सर्दी में कई परेशानियों के साथ सिंचाई करने का काम करता है। अच्छी फसल आने की तमन्ना के साथ गेहूं चना के अच्छे दाम मिलने कि आस लगाता है ऐसे में गेहूं उपार्जन को लेकर भय का वातावरण बनाना ठीक नहीं है।

विधायक सुदेश राय ने आगे कहा कि विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी वेयरहाउस संचालकों की बकाया किराया राशि के संबंध में मध्य प्रदेश वेयरहाउस कॉरपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करेंगे और किसी भी स्थिति में सीहोर विधानसभा में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी प्रभावित नहीं होने देंगे। विधायक सुदेश राय ने कहा कि किसान निडर होकर अपने क्षेत्र के निर्धारित गेहूं खरीदी केंद्र के लिए पंजीयन कराए पंजीयन का कार्य 31 मार्च तक चलेगा।

## कायस्थ समाज ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई



गंजबासौदा। स्थानीय कायस्थ समाज विकास कल्याण समिति एवं चित्रांश प्रगति परिषद के तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई स्टेशन रोड स्थित सुभाष चौक पर नेताजी बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती अनेक स्थलों पर गरिमा पूर्ण तरीके से मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती चौरावर रोड स्थित सक्सेना फार्म हाउस पर मनाई गई।

## करोड़ों की चरनोई भूमि पर अतिक्रमण मुक्त करा पंचायत को सौंपी



**विदिशा (निप्र)।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिले में चरनोई भूमि पर हुए अतिक्रमण को हटाने का कार्य अभियान के रूप में निरंतर जारी है। सिरोंज क्षेत्र के एसडीएम हर्षल चौधरी ने बताया कि सिरोंज तहसील के ग्राम समदपुर में गौ-शाला हेतु भूमि सर्वे नम्बर 25 चरनोई में से 6.5 हेक्टेयर लगभग 26 बीघा जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया है। जिसका बाजार मूल्य एक करोड चार लाख रू. आंकलित किया गया है।

विमुक्त भूमि पंचायत एवं गौ-शाला समिति को सुर्पुद की गई है। यहां पूर्व से गौ-शाला बनी हुई है। इसी तारतम्य में बासौदा अनुविभाग क्षेत्र में एसडीएम विजय राय के मार्गदर्शन में तहसीलदारो द्वारा विशेष पहल कर अभियान के रूप में अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। अतिरिक्त तहसीलदार श्रीमती सविता पटेल और अधीनस्थ राजस्व निरीक्षक, पटवारी द्वारा ग्राम मालीखेडी में स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 25/1/1 रकवा 1.019 हेक्टेयर शासकीय भूमि अतिक्रमण हटाकर सीमांकन कर मौके पर सुरक्षित करवाई गई। यह भूमि ग्राम पंचायत सरपंच व ग्रामवासियों की उपस्थिति में गौ-शाला संवर्धन कार्यो के उपयोग में लाए जाने हेतु सौंपने का कार्य किया गया। अतिरिक्त तहसीलदार श्रीमती पटेल ने बताया कि ग्राम मालीखेडी में अतिक्रमण से मुक्त कराई गई भूमि का बाजार मूल्य 25 लाख रू. आंकलित किया गया है। राजस्व निरीक्षक रवि पंथी और पटवारी सुश्री चन्द्रिका शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# निजी गोदाम संचालकों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

**बरेली।**



म.प्र. वेयर हाऊस आर्नस ऐसोसिऐशन के आवाहन पर मध्य-प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिले के निजी गोदाम संचालकों द्वारा मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा, ज्ञापन के माध्यम से एसोसिएशन ने सरकार को चेताया कि वेयरहाउस संचालकों के 2 वर्षों से बकाया किराए का भुगतान अगर सरकार नही करती है तो मध्यप्रदेश के समस्त संचालक वर्ष 25-26 के गेहूं की शासकीय खरीदी का बहिष्कार करेंगे।

ज्ञात हो कि एक वेयरहाउस के संचालन में महीने का 1 से डेढ़ लाख का खर्च आता है वही बैंक की किस्त आदि भी देनी होती है परंतु किराया न प्राप्त होने की स्थिति में मध्यप्रदेश के लगभग 8000 वेयरहाउस मालिको को संकट का सामना कर पड़ रहा है। अधिकांश वेयरहाउस बैंक डिफाल्टर होने की कगार पर आ गए हैं वही दूसरी ओर कटोत्रा के नाम पर सीओसी पेनाल्टी, लॉस गेन, कीटग्रस्त आदि के नाम पर संचालकों पर लाखों की पेनाल्टी लगाई जा रही है। कही कही तो वेयरहाउस के किराए से अधिक पेनाल्टी भी लगाई गई है। ज्ञापन के माध्यम से सभी जिलों ने सरकार को इन समस्याओं के निदान के लिए कहाँ है। पूर्व में एसोसिएशन के सदस्य इन समस्याओं को लेकर कई बार मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री को ज्ञापन सौप चुके हैं परंतु कोई समाधान नही निकाला गया। आने वाले समय मे समस्त संचालक प्रदर्शन एवं अन्य कार्यवाहियां करने को मजबूर होंगे। तथा वर्ष 25-26 की समर्थन मूल्य की खरीदी का बहिष्कार करेंगे। रायसेन जिला कलेक्टर अरविंद दुबे को ज्ञापन सौंपने के लिए रायसेन जिले के सैकड़ा भर गोदाम संचालक रायसेन, बरेली, बेगमगंज, सुल्तानपुर, बाड़ी, उदयपुरा, मंडीदीप, ओबेदुल्लागंज, गोहरगंज आदि स्थानों से उपस्थित हुए और कलेक्ट्रेट भवन पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर ने कहा कि मैं अपनी अनुसंसा सहित आपके ज्ञापन को मुख्यमंत्री के पास तत्काल भेजूंगा।

### ऑल इंडिया केमिस्ट ऐसोसिऐशन का स्वर्ण जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**बरेली। ऑल इंडिया केमिस्ट ऐसोसिऐशन के स्वर्ण जयंती एवं ऑल इंडिया केमिस्ट ऐसोसिऐशन के अध्यक्ष जेएस सिंदे के जन्म दिन के अवसर पर रायसेन जिला केमिस्ट ऐसोसिऐशन एवं बरेली केमिस्ट ऐसोसिऐशन के संयुक्त प्रयास से रक्तदान शिविर आयोजित किया गया।**

इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, बीएमओ डा. हेमंत यादव और केमिस्ट ऐसोसिऐशन के साथियों द्वारा मां सरस्वती पूजन-अर्चना के बाद शिविर प्रारंभ किया गया। जिले के अध्यक्ष अजीत धारीवाल एवं बरेली के अध्यक्ष इन्द्र नारायण श्रीवास्तव ने बताया कि केमिस्ट ऐसो. उनके स्टाफ ने आज रक्तदान शिविर में 21 लोगों ने रक्तदान किया। इसमें मातृ शक्ति भी शामिल रहीं। इस कार्यक्रम में शासकीय अस्पताल का स्टाफ और केमिस्ट ऐसोसिऐशन के हरिशंकर शर्मा, प्रवीण मांडरे, राजेश खरे, उमेश शर्मा, कविन्द्र ठाकुर, राकेश बबेले, रोहित धाकड़, कुलदीप दीवान, राजेन्द्र ज्योतिषि इस कार्यक्रम में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस रक्तदान शिविर में चार नारी शक्ति जिन्होने रक्तदान किया, श्रीमति स्वेता धारीवाल, श्रीमति बांणी गुप्ता, सरोज ठाकुर, आरती देवी ने भी उपस्थित सभी लोगों का अध्यक्ष अजीत धारीवाल ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

## केसीसी के नाम पर किसानों से धोखाधड़ी करने वाला आरोपी बैंक मैनेजर और कर्मचारी गिरफ्तार

**शाजापुर।**



केसीसी के नाम पर किसानों के साथ धोखाधड़ी करने वाले एसबीआई बैंक मैनेजर और कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 07 जनवरी 25 को फरियादी अजबसिंह पिता प्रेमसिंह परमार उम्र 42 साल निवासी ग्राम पलसावद ने पुलिस से शिकायत की थी कि एसबीआई बैंक मोहम्मदखेड़ा के बैंक मैनेजर आशीष आर्य एवं कर्मचारी राहुल बैरागी ने उससे एवं क्षेत्र के अन्य किसानों से केसीसी के रुपये लेकर बैंक खातों में न जमा करते हुए गबन किया और फर्जी एनओसी देकर धोखाधड़ी की है। फरियादी की शिकायत पर आरोपी बैंक मैनेजर और कर्मचारी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। दौराने विवेचना थाना क्षेत्र के कई अन्य किसानों द्वारा केसीसी लोन के नाम पर धोखाधड़ी करने के संबंध में बैंक मैनेजर और कर्मचारी राहुल बैरागी के विरुद्ध शिकायत आवेदन दिया जाना सामने आया। आरोपियों ने किसानों के साथ करीबन 70 से 80 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। मामले में पुलिस अधीक्षक यशपालसिंह राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टीएस बघेल, एसडीओपी शुजालपुर पिन्टु कुमार बघेल के निर्देशन में टीम गठित की जाकर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। दिनांक 24 जनवरी शुक्रवार को आरोपी बैंक मैनेजर आशीष आर्य पिता सत्यपाल उम्र 55 साल निवासी एचन 371 सी ट्रेजर फंटेसी केन्ट राऊ इंदौर को रतलाम से तथा बैंक कर्मचारी राहुल पिता दिनेश बैरागी उम्र 26 साल निवासी वार्ड क्रमांक 08 राठी कॉलोनी अकोदिया मण्डी को उन्हेल जिला उज्जैन से गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि अरविन्दसिंह तोमर, उनि मदनसिंह गुर्जर, उनि लाड़सिंह जाटव, सउनि खुशालसिंह मुनिया, प्रधान आरक्षक आनंद शर्मा, विपिन तोमर, बलराम यादव, आरक्षक रवि रघुवंशी, अंकित मुंदड़ा, होकम कारपेंटर, जगदीश लववंशी, तेजसिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल का किया निरीक्षण



सीहोर। गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिला स्तरीय समारोह सीहोर स्थित पुलिस परेड ग्रांउड पर प्रात: 09 बजे आयोजित किया जाएगा। अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह एवं एडिशनल एसपी गीतेश गर्ग ने समारोह स्थल पहुंचकर समारोह की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने समारोह स्थल की व्यवस्थाओं के निरीक्षण के साथ ही परेड की फाइनल रिर्हसल भी देखी और ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर प्रवीण सिंह गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप ध्वजारोहण करेंगे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम तन्मय वर्मा सहित पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

### सड़क सुरक्षा के तहत वाहन चालकों को दिए टिप्स

**गंजबासौदा।** सड़क सुरक्षा अभियान 1 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है यह अभियान वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश पर किया जा रहा है इसमें स्थानीय पुलिस अधिकारी चौराहों पर तैनात होकर वाहन चालकों को यातायात के नियमों से वाकिफ कर रहे हैं तथा उनको निर्देश दिए जा रहे हैं कि नियम के तहत पंजीयन की नंबर प्लेट वाहन पर आवश्यक रुप से लगाऐं लाइसेंस बीमा आदि साथ में रखे जावें तथा तीन लोग दो पहिया वाहन पर ना बैठें इसी क्रम में वाहन चलाते समय मोबाइल आदि का इस्तेमाल न करें वाहनों में मॉडिफाई साइलेंसर,हार्न आदि कत?ई न लगाएं यह वाहन चालकों को सहज प्रक्रिया में समझाया जा रहा है तथा जो वाहनों में ऐसी कोई त्रुटि पाई जा रही है जो वाहन चालकों की पूर्ण लापरवाही देखी जा रही है उनके चालान भी बनाए गए हैं इस अभियान में एसडीओपी मनोज मिश्रा का कुशल मार्गदर्शन है।

# खेल का आयोजन इसलिए कि कंपनी में लीडरशिप क्वालिटी डेवलप हो: तिवारी

**जबलपुर।**

**एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी) के मुख्यालय जबलपुर में अंतरविभागीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का दूसरा चरण आज ज्योति क्लब रामपुर, जबलपुर स्थित प्रांगण में संपन्न हुआ।**



इस दो दिवसीय प्रतियोगिता के समापन पर अपने उद्बोधन में एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि इन खेलों के आयोजन का उद्देश्य खिलाड़ी या टीम पैदा करना नहीं बल्कि मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी की उस वर्किंग टीम का निर्माण करना है जिसमें लीडरशिप क्वांलिटी डेवलप हो, ताकि कार्मिकों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हो सके जिससे वो अपने कार्यालयीन कार्यों को भी उसी जूनून और पूरी खेल भावना से संपादित करें। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में पहली बार कार्मिकों के परिवार की महिला सदस्यों का बड़ी संख्या में हिस्सा लेना एक सुखद अनुभव रहा।

**हर्ष श्रीवास्तव और स्नेहांशु घोष की जोड़ी ने जीता बैडमिंटन खिताब:** अपने कलाइयों का कलात्मक इस्तेमाल करते हुए हर्ष श्रीवास्तव और पॉवर गेम का प्रदर्शन करते हुए एस.सी. घोष की जोड़ी ने 50 वर्ष से ऊपर ग्रुप का बैडमिंटन खिताब जीता।

फाइनल में बेहतरीन सर्विस और कोर्ट के हर कोने पर स्मैश लगाकर इस जोड़ी ने खेलकूद आयोजन के प्रमुख आकर्षण बैडमिंटन स्पर्धा के डबल फाइनल का खिताब देवाशीष चक्रवर्ती और वी.के. परवार की जोड़ी को पराजित कर जीता। टेबिल टेनिस में तवरेज चौधरी ने हर्ष श्रीवास्तव को हराकर खिताब जीता। प्रतियोगिता के संयोजक श्री एस.सी. घोष ने बताया कि इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में एम.पी. ट्रांसको के तकरीबन 100 कार्मिकों और उनके परिवारजनों ने हिस्सा लेकर इसे सफल बनाया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में इकबाल खान और सुरेश त्रिवेदी का उल्लेतखनीय योगदान रहा।

**अन्य खेलों के परिणाम इस तरह रहे:** बैडमिंटन टीम स्पर्धा (पुरूष) विजेता- पॉवर वारियर्स उपविजेता- पॉवर स्ट्राइकर्स, बैडमिंटन टीम स्पसर्धा (महिला) विजेता- पॉवर स्मैशर्स उपविजेता- पॉवर प्रिंसेस, कबड्डी - विजेता- ई.एच.टी. जॉइंट्स उपविजेता- टेस्टिंग टाइटन्सि, जबलपुर, रस्साकशी- (पुरुष)- विजेता - पॉवर वारिर्यस, जबलपुर उपविजेता- टेस्टिंग डिवीजन सागर, रस्साकशी- (महिला) -विजेता उपविजेता, टेबल टेनिस- (पुरुष)- विजेता- तवरेज चौधरी उपविजेता- हर्ष श्रीवास्तव, टेबल टेनिस- (महिला)- विजेता - श्रीमति रीति शुक्ला उपविजेता- सुश्री मोनिका, शतरंज (पुरूष) विजेता - रावेन्द्र पटेल उपविजेता- प्रशांत कुमार, शतरंज (महिला) विजेता - कविता विश्नोई उपविजेता- अंजू नीखरे, कैरम पुरुष युगल - विजेता- शैलेन्द् 'चार्ल्स एवं मल्हार बेन उपविजेता- प्रणय जोशी एवं विकास श्रीवास्तव, कैरम महिला युगल- विजेता-सुरभि अग्निहोत्री एवं मोनिका राजपूत उपविजेता रूचि दुबे, सुरभि।